दिन– बुधवार दिनांक– 17 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्ष में पचास लाख करोड़ रुपये निजी निवेश का रखा गया है लक्ष्य।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – मनरेगा के स्थान पर लाये गए नये विधेयक जी रामजी से ग्रामीण परिवारों को सौ की जगह एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी।

03. एसवीयू ने भवन निर्माण विभाग के निदेशक गजाधर मंडल के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति का किया खुलासा।

04. और, आईपीएल की नीलामी में बिहार के तेज गेंदबाज मोहम्मद इजहार को मुंबई इंडियन्स और शाकिब हुसैन को सनराइजर्स, हैदराबाद ने खरीदा।

---

राज्य सरकार ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत अगले पांच वर्षों में पचास लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि उद्योग धंधों के विकास पर मुख्य रूप से बल दिया गया है।

———बाइट———

श्री चौधरी ने बताया कि इस योजना के तहत सात बिंदुओं को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य विकसित बिहार के लक्ष्य को हासिल करना है।

———बाइट———

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सात निश्चय योजना तीन के जरिये राज्य सरकार एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करेगी।

———बाइट———

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सात निश्चय–तीन नई सरकार की नई पहल है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा।

———बाइट———

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मनरेगा के स्थान पर लाये गए विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन, ग्रामीण भीवी जी राम जी से श्रमिकों को काफी फायदा होगा। संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि इस विधेयक के कानून बनने के बाद ग्रामीण परिवारों को एक सौ की जगह एक सौ पच्चीस दिनों के काम की गारंटी मिलेगी। उन्होंने इस विधेयक के नाम पर उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताया।

———बाइट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज बिपार्ड, गया में राज्य के प्रमंडलीय आयुक्तों और जिला पदाधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला– मंथन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों का क्षमतावर्धन करना है। समापन समारोह को उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संबोधित करेंगे। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

मंथन कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला–केंद्रित शासन प्रणाली को और मजबूत करना, नीति निर्माण और जमीनी स्तर पर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच समन्वय स्थापित करना तथा अनुभव साझा कर प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना है। कार्यशाला के दौरान उत्तरदायी शासन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, शहरी विकास की चुनौतियाँ, प्रभावी प्रशासन हेतु विधिक ढांचा और लोक–निजी भागीदारी जैसे अहम विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा राज्य के वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी समकालीन शासन चुनौतियों और भविष्य उन्मुख प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर गहन विचार विमर्श करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

प्रदेश में सत्ताईस लाख साठ हजार से अधिक लाभार्थियों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क इलाज हुआ है। इस पर तीन हजार नौ सौ इकतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई है। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शशांक शेखर सिन्हा ने पटना में योजना के तहत सूचीबद्ध किये गए चौवन नये अस्पतालों के उन्मुखीकरण कार्यशाला में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चार सौ पैंतीस सरकारी और सात सौ पच्चीस निजी अस्पताल योजना के तहत सूचीबद्ध हैं।

---

सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार ने धान खरीद में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने खरीद प्रक्रिया की हरेक स्तर पर निगरानी के निर्देश दिए। श्री कुमार ने किसानों को अड़तालीस घंटे के अंदर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि अब तक चार लाख बीस हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है।

---

खान और भूतत्व विभाग ने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले दस जिलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। विभाग के निदेशक मनेश कुमार मीणा ने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में दैनिक लक्ष्य बनाकर तय कार्ययोजना पर काम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि उन्नीस दिसम्बर के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के विभिन्न भागों में ठंड बढ़ेगी। विभाग ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———बाइट———

---

पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज से विंटर शेड्यूल लागू हो गया है। नये शेड्यूल के तहत हवाई अड्डे से सुबह दस बजकर पच्चीस मिनट पर पहली फ्लाइट दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी।

---

विशेष निगरानी इकाई, एसवीयू ने आय से अधिक संपत्ति मामले में भवन निर्माण विभाग के निदेशक गजाधर मंडल के पटना और भागलपुर स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीन करोड़ इकतालीस लाख रुपये मूल्य से अधिक के सोलह भूखंडों के दस्तावेज बरामद किये गए। वहीं, गजाधर मंडल और उनकी पत्नी के नाम से लगभग इकतीस लाख रुपये के निवेश के कागजात और आठ लाख रुपये

मूल्य के जेवरात जब्त किये गए। इसके अलावा एक लाख अट्ठासी हजार रुपये भी बरामद किये गए।

---

नेपाल में हुए जेन–जी आंदोलन के दौरान वहां की जेलों से फरार हुए कैदियों में से दो सौ चौवन बिहार के हैं। राज्य सरकार ने इन सभी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। खुफिया विभाग की विशेष शाखा ने इन बंदियों की सूची जारी करते हुए इन्हें तत्काल गिरफ्तार करने और कानून सम्मत कार्रवाई करने का सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है।

---

मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलपुर मिसरौलिया में सामूहिक आत्महत्या की सीआईडी ने जांच शुरू कर दी है। जांच टीम की जिम्मेदारी डीएसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है।

---

पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश में चल रही माइक्रो फाइनेन्स कंपनियों की जांच कराने का फैसला किया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस संबंध में सभी पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उच्च स्तरीय बैठक की। श्री कुमार ने पुलिस अधीक्षकों को गैर कानूनी ढंग से संचालित कंपनियों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

---

पटना की एमपी–एमएलए अदालत ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। दुलारचंद यादव की विधानसभा चुनाव के दौरान तीस अक्टूबर को हत्या कर दी गई थी।

---

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल की नीलामी में बिहार से खेलने वाले दो खिलाड़ियों, मोहम्मद इजहार और शाकिब हुसैन को खरीदार मिले हैं। सुपौल के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मर इजहार को मुंबई इंडियन्स ने तीस लाख रुपये में खरीदा। वहीं, गोपालगंज के तेज गेंदबाज शाकिब हुसैन को सनराइजर्स, हैदराबाद ने

तीस लाख रुपये में अपने दल में शामिल किया। वहीं, बिहार के मूल निवासी और पश्चिम बंगाल से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले रोहतास के आकाशदीप को कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा है। सांसद पप्पू यादव के बेटे और दिल्ली से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सार्थक रंजन को तीस लाख रुपये में के.के आर ने अपनी टीम में शामिल किया है।

---

सीवान जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टेढी घाट बाजार स्थित एक बैंक के एटीएम को काटकर चोरों ने सत्ताईस लाख रुपये से अधिक की राशि चुरा ली। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत इशोपुर गांव के सरेह में पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई।

---

पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने साइबर ठग गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन बेंगलुरू का रहने वाला है, जबकि एक नालंदा रहने वाला है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सात निश्चय–तीन : बिहार पूर्वी भारत का प्रौद्योगिकी हब बनेगा।

**दैनिक जागरण** लिखता है – बिजली कंपनी और उसकी अनुषंगी में चयनित दो हजार तीन सौ नब्बे को मुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – नवादा के पहाड़ी इलाकों में पानी से चौदह हजार मेगावाट बिजली पैदा होगी।

**प्रभात खबर** लिखता है – नितिन नवीन का मंत्री पद से इस्तीफा, उन्नीस को आयेंगे पटना।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – जी रामजी विधेयक लोकसभा में पेश, हंगामा। **आज अखबार** लिखता है – बिहार में खुलेगा तलवारबाजी का ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्ष में पचास लाख करोड़ रुपये निजी निवेश का रखा गया है लक्ष्य।

02. ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा – मनरेगा के स्थान पर लाये गए नये विधेयक जी रामजी से ग्रामीण परिवारों को सौ की जगह एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी।

03. एसवीयू ने भवन निर्माण विभाग के निदेशक गजाधर मंडल के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति का किया खुलासा।

04. और, आईपीएल की नीलामी में बिहार के तेज गेंदबाज मोहम्मद इजहार को मुंबई इंडियन्स और शाकिब हुसैन को सनराइजर्स, हैदराबाद ने खरीदा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।